हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 11 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

12 अंचल में बढ़ी ठंड, गर्म कपड़े का उपयोग बढ़ा


12 गरीमा और स्वर्णा ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति




## खबर संक्षेप

### हथियार लहराकर डरा रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** हथियार लहराकर लोगों को डराने वाले युवक के खिलाफ खल्लारी थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी ग्राम आंवराडबरी पंचायत के पास में ग्राम भीमखोज का सचिन ध्रुव लोहे का धारदार तब्बल नुमा हथियार लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हथियार जब्त किया आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया।

### सब्जी व्यवसायी के घर से नकदी व जेवर चोरी

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम कसहीबाहरा में सब्जी व्यवसायी के घर से नकदी समेत सोने-चांदी के जेवर की चोरी हो गई। चोरी गए सामानों की कीमत 80 हजार रुपए बताया गया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध बीएनएस की धारा 305(ए), 331(3) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार भक्तकुमार यादव ने पुलिस को बताया कि वह सब्जी व्यवसायी हैं। 7 नवंबर को करीब 12 बजे घर में ताला लगाकर पत्नी गंगाबाई के साथ सब्जी बाड़ी गये थे। बाड़ी से दोपहर करीब 03 बजे घर पहुंचा तो घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर कमरे का ताला भी टूटा हुआ था। पेटी से चांदी की 2 जोड़ी सांटी, सोने की 1 नग मराठी माला, सोने का 1 नग लॉकेट, सोने की 1 जोड़ी खिनवा, सोने की 1 नग फुल्ली और नकदी 30 हजार रूपए गायब थे।

### मुरूम का अवैध परिवहन, अज्ञात लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** मुरूम के अवैध परिवहन की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ तुमगांव थाने में मामला दर्ज किया गया है। मामले की रिपोर्ट शेल्के कंस्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड ग्राम पचेड़ा कैंप अभनपुर के लाईजनिंग आफिसर ने दर्ज कराई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 8 नवंबर को कंपनी के सुपरवाईजर ने फोन से सूचना दी कि राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 53 दुर्ग से रायपुर बाईपास का निर्माण कार्य के लिये मिट्टी/मुरूम के लिए शासकीय भूमि ग्राम गुरूडीह थाना तुमगांव से वाहन क्रमांक सीजी 22 एएफ 9673 से मुरूम का परिवहन किया जा रहा था, इसी दौरान ग्राम मालीडीह में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वाहन को रोककर कर्मचारियों को गाली गलौज कर मारपीट की धमकी देकर परिवहन बंद करा दिया गया। मामले की रिपोर्ट पर धारा 296, 351(2), 126(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### कुलिया में ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता 15 से

**कोमाखान।** ग्राम कुलिया में



ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन 15 नवंबर से किया गया है, जो 16 नवम्बर तक चलेगी। इस संबंध में संस्थापक व संचालक ग्राम विकास समिति कुलिया के विक्रम सिंह चंद्राकर ने बताया कि स्पर्धा का शुभारंभ रात्रि 8 बजे किया जाएगा। मुख्य अतिथि कुशाग्र चंद्राकर होंगे। विशेष अतिथि पूरन यादव होंगे। स्पर्धा का समापन समारोह 16 नवंबर को होगा। मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव एवं विशेष अतिथि विक्रम सिंह चंद्राकर अध्यक्ष चंद्राहू कुर्मी समाज कुलिया परिक्षेत्र होंगे। स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 8 हजार देवज्ञ चंद्राकर, द्वितीय 5 हजार प्रेमशंकर सिन्हा बटोरा, तृतीय पुरस्कार 3 हजार रोहित सिन्हा द्वारा एवं चतुर्थ पुरस्कार 2 हजार रुपए राजेंद्र चंद्राकर कुलिया द्वारा दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 201 रुपए रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में लोकेश यादव, मेघा निराला, नेतराम साहू आदि जुटे हुए हैं।

# बारनवापारा में बाघ की दस्तक से वन विभाग अलर्ट, किया सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जिले के बारनवापारा अभ्यारण्य में फिर से बाघ ने दस्तक दी है। वन विभाग ने स्थानीय ग्रामीणों को फिलहाल जंगल के नजदीक जाने से रोका है। विभाग का कहना है कि इससे बाघ को सुरक्षित माहौल मिलेगा और किसी तरह की अनहोनी से बचा जा सकेगा। वन विकास निगम क्षेत्र में टाइगर मूवमेंट के संकेत मिलने के बाद वन विभाग अलर्ट पर है। अधिकारियों ने सर्च ऑपरेशन तेज करते हुए इलाके में गश्त और निगरानी बढ़ा दी है। दरअसल, बलौदाबाजार और महासमुंद जिले की सीमा पर स्थित वन विकास निगम क्षेत्र में बाघ के पैरों के निशान और मूवमेंट के संकेत मिले हैं। सूत्रों के अनुसार यह बाघ पड़ोसी राज्य के जंगलों से यहां पहुंचा है। फिलहाल विभाग बाघ के मूवमेंट पर नजर रखे हुए हैं और इलाके में कैमरा ट्रैप एवं पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है, ताकि उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। वन विभाग ने स्थानीय ग्रामीणों को फिलहाल जंगल के नजदीक जाने से रोका गया है। पर्यटकों के लिए कुछ रास्तों पर अस्थायी रोक लगाई गई है। विभाग का कहना है कि इससे बाघ को सुरक्षित माहौल मिलेगा और किसी तरह की अनहोनी से बचा जा सकेगा। पिछले वर्ष भी इसी क्षेत्र में एक बाघ सक्रिय था, जिसे बाद में ट्रेंकुलाइज कर गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व भेजा गया था।

## वन विभाग ने स्थानीय ग्रामीणों को जंगल के नजदीक जाने से रोका



### हाथियों की मौजूदगी ने बढ़ाई चुनौती

इसी इलाके में फिलहाल 28 हाथियों का दल भी सक्रिय है, जिससे वन विभाग की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कुछ दिन पहले हाथियों ने हरदी गांव में एक व्यक्ति की जान ले ली थी और तीन हाथी कुएं में गिर गए थे, जिन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाना पड़ा था, हाल ही में हाथियों ने अभ्यारण्य के अधीक्षक की गाड़ी को भी नुकसान पहुंचाया था।



## ज्ञापन सौंपने कलेक्टोरेट पहुंच रहे किसानों को प्रशासन ने रास्ते में रोका

# गिरदावरी है अधूरी, अभिलेखों में किसानों की भूमि का रकबा दर्ज नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



सडोल विकासखंड के लगभग 11 ग्रामों के करीब 250 किसानों ने अपनी भूमि का रकबा कम दर्ज होने और गिरदावरी कार्य अधूरा रहने की समस्या को लेकर कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। किसान अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंच रहे थे, लेकिन प्रशासन द्वारा उन्हें रास्ते में ही रोक लिया गया।

**किसानों की भूमि का रकबा अभिलेखों में दर्ज नहीं हो पाया**

किसानों ने बताया कि ग्राम पंचायत खोसला के आश्रित ग्राम महकोनी, दलदली, गेंदोला, कुकरिकोंना, अर्जुनी पंचायत के आश्रित ग्राम सरायपाली, सिरगाल, गांजरडीह तथा महाराजी पंचायत के किसानों की भूमि का गिरदावरी कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। इस कारण कई किसानों की भूमि का रकबा अभिलेखों में दर्ज नहीं हो पाया है, जिससे उन्हें गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

भूमि सत्यापन अधूरा रहने से किसानों को धान बिक्री, समर्थन मूल्य पर उपज विक्रय एवं किसान क्रेडिट कार्ड ऋण भुगतान में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि इस विषय में 31 अक्टूबर को भी कलेक्टर को अवगत कराया गया था, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

किसानों की प्रमुख मांग है कि संबंधित ग्रामों के समस्त किसानों की भूमि का गिरदावरी कार्य और रकबा सत्यापन शीघ्र पूर्ण कराया जाए ताकि धान खरीदी व कृषि कार्यों में उन्हें किसी प्रकार की बाधा का सामना न करना पड़े।

# दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर में दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार उमाकांत तिवारी पिता भैयालाल 45 वर्ष निवासी सिंचाई कालोनी गौरेला अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी पीएच 6621 में पत्नी रानू तिवारी 38 वर्ष के साथ रायपुर से बिलासपुर अपने 15 वर्षीय पुत्र कान्हा तिवारी से मिलने जा रहे थे जो हास्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा है कि चंदेरी ओवरब्रिज पर पहुंचे ही अज्ञात वाहन के चालक ने पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। इससे दोनों पति-पत्नी को सिर एवं हाथ पैर में गंभीर चोट आई, जिसके चलते घटना स्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने प्रार्थी उमाकांत मिश्रा की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया।वहीं भवानी नगर सिमगा निवासी दीपक यादव एवं उनकी पत्नी रिंकी यादव सोमवार को दोपहर 1 बजे लकड़ी लेने के लिये शिवनाथ नदी के दूसरे छोर के झुरमुट में जा रहे थे कि दोपहर 1.30 बजे शिवनाथ नदी के सिमगा एनीकेट में उसकी पत्नी रिंकी यादव का चलते समय पैर फिसलने से नदी में गिरने से पहले दीपक यादव 35 वर्ष बचाने का भरसक प्रयास किया और ▶▶ शेष पेज 11 पर

# जिला पुलिस का ऑपरेशन क्लीन स्वीप जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार







जिला पुलिस ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान चला रही है। इसका उद्देश्य कानून व्यवस्था बनाए रखना और आपराधिक कृत्यों को अंजाम देने वालों पर शिकंजा कसना है।

इसके तहत पिछले 3 दिनों में अवैध शराब, चखना सेंटर में अवैध रूप से शराब बिक्री, अवैध चखना सेंटर संचालन और सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के 68 प्रकरणों में 68 आरोपियों को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 247 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। शांति व्यवस्था बाधित करने वाले 59 प्रकरणों में कुल 60 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। अड्डेबाजी करने वाले, विशेषकर युवा वर्ग की चेकिंग कर, उनके हाथ से 200 से अधिक लोहे के चूड़ा/कड़ा जब्त किए गए। क्षेत्र के गुंडा और निगरानी बदमाशों के घर जाकर उनकी चेकिंग की जा रही है और उन्हें कानून का पालन करने की हिदायत दी गई है। अभियान के तहत प्रत्येक थाना एवं चौकी में विशेष टीम का गठन किया गया है, जो लगातार पेट्रोलिंग और आकस्मिक दबिश देकर कार्रवाई कर रही है, साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के वाहन भी जब्त किए जा रहे हैं।

### कृषक मित्रों की भुगतान की प्रक्रिया जारी

**महासमुंद।** कृषक मित्रों के मानदेय भुगतान के संबंध में उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि कृषक मित्रों की कार्य अवधि निर्धारण के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक दो वर्ष में ग्राम सभा के माध्यम से उनकी कार्य अवधि बढ़ाई जाती है अथवा ग्राम सभा द्वारा नवीन कृषक मित्र का चयन कर अनुमोदन के लिए प्रस्ताव वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को प्रेषित किया जाता है। तत्पश्चात उप संचालक कृषि के माध्यम से यह प्रस्ताव आत्मा गवर्निंग बोर्ड के अनुमोदन उपरांत स्वीकृत होता है। पिछले वर्ष अप्रैल 2023 से मार्च 2025 तक की अवधि के लिए कृषक मित्रों का मानदेय पूर्ण रूप से भुगतान किया जा चुका है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिन कृषक मित्रों का अनुमोदन जुलाई 2025 में हुआ है एवं जिनसे मासिक कार्य विवरण प्राप्त हो चुका है, उनके मानदेय भुगतान की प्रक्रिया जारी है।

# साइबर फ्रॉड : 470 प्रकरणों में 88 लाख से अधिक की राशि होल्ड करायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



साइबर फ्रॉड की बढ़ती शिकायतों पर बलौदाबाजार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी की गई बड़ी राशि को होल्ड करने का अभियान लगातार जारी रखा है। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक चलाई जा रही है।

■ 20 से अधिक प्रकरण पंजीबद्ध

इस वर्ष जिले में कुल 1055 साइबर फ्रॉड की शिकायतें दर्ज की गई हैं। इसमें पुलिस को 470 प्रकरणों में कुल 88,11,060 की ठगी की गई राशि होल्ड करने में सफलता मिली है। होल्ड की गई राशि में से 97 प्रकरणों में कुल 20,09,772 उनके वास्तविक हकदारों को वापस दिलाई जा चुकी है। शेष प्रकरणों में भी होल्ड की गई रकम उनके वास्तविक हकदारों को वापस दिलाने की कार्रवाई लगातार जारी है और प्रक्रियाधीन है।

होल्ड और वापसी की कार्रवाई के अतिरिक्त, पुलिस ने साइबर अपराधियों पर भी सख्त रुख अपनाया है। जिले के कई प्रमुख थानों सिटी कोतवाली बलौदाबाजार, भाटापारा शहर, भाटापारा ग्रामीण, सुहेला एवं सिमगा में इस वर्ष साइबर अपराध से संबंधित 20 से अधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। इन मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी भी की गई है। बलौदाबाजार पुलिस का कहना है कि वे साइबर ठगी के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखेंगे, जिससे नागरिकों को ठगी के शिकार होने से बचाया जा सके और उनकी मेहनत की कमाई उन्हें वापस दिलाई जा सके।

## जिले में सकरी और डोटोपार बायपास चौक हेलमेट जोन घोषित

# बाइक चालन के दौरान हेलमेट का उपयोग जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार







जिला पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट धारण करने की अनिवार्यता बतायी। इस दौरान पुलिस ने आम नागरिकों में हेलमेट धारण करने के प्रति जागरूक भी किया। साथ ही यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। साथ ही समाधान शिविर कार्यक्रम, फेसबुक लाईव खाकी वार्ता, विभिन्न खेल स्पर्धाओं के माध्यम से भी यातायात नियमों के प्रति लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही दोपहिया वाहन चालान के दौरान हेलमेट अनिवार्य करते हुए जिले के सकरी बाईपास एवं डोटोपार बायपास चौक को हेलमेट जोन घोषित किया गया है। आम नागरिकों में यातायात नियमों तथा हेलमेट धारण करने के प्रति जागरूकता के लिए अत्यंत आवश्यक है कि यातायात नियमों का पुलिस स्टाफ द्वारा भी पूर्ण रूपेण पालन किया जाए।

इसके तहत जिले में पुलिस स्टाफ दोपहिया वाहन चालान के दौरान सदैव हेलमेट धारण करने नियम का शत प्रतिशत पालन करा रही है। इसके साथ ही जिले के समस्त थाना/चौकी में आकस्मिक निरीक्षण करते हुए पुलिस स्टाफ द्वारा हेलमेट धारण किया जा रहा है या नहीं, इस बात की भी प्रमाणिकता की चेकिंग की जा रही है। जिला पुलिस द्वारा आम जनों से भी अपील की जाती है कि वह सभी दुपहिया वाहन चालान के दौरान सदैव हेलमेट धारण करें एवं यातायात नियमों हमेशा का पालन करते हुए, पुलिस का सहयोग करें।

# नशा मुक्ति के लिए हरदी में महिला कमांडो का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

ग्राम हरदी में नशा मुक्ति अभियान के लिए 200 महिला कमांडो का गठन किया गया है। इसके लिए थानेदार ने सभी कमांडो को परिचय पत्र प्रदान किया है। गठन के दौरान पुलिस के कर्मचारियों ने उपस्थित होकर महिलाओं को अनेक प्रकार की जानकारी दी। वाहनों में ज्यादा सवारी बच्चों को मोबाइल से दूर रखना, शराबी को छुड़वाना जैसे अनेक जानकारी प्रदान की गई। ग्राम हरदी में महिला कमांडो का गठन के लिए लंबे समय से महिलाओं ने लवन थानेदार को आवेदन किए थे। इस पर थानेदार अमित पाटले ने महिलाओं को परिचय पत्र देकर कमांडो का गठन किया। गठन करने का मूल उद्देश्य गांव को नशा मुक्त करना है। इस अवसर पर उपसरपंच परदेसी निषाद, लहूराम पटेल, कमल नारायण, प्रजापति, भागीरथी केवट, कन्हैया पटेल, कृष्णा पटेल सहित पुलिस के अधिकारी ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ थानेदार ने सभी कमांडों को परिचय पत्र प्रदान किया

सरगुजा विवि के लिए जनवरी तो रायगढ़ विवि के लिए अगस्त में जारी हुआ था विज्ञापन

# रायगढ़ विवि का कुलपति बनने 27 आवेदन, रविवार को साक्षात्कार सरगुजा के लिए 32 अर्जियां, इंटरव्यू के 2 माह बाद भी पद रिक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

शहीद नंदकुमार पटेल विवि रायगढ़ में कुलपति पद पर नियुक्ति के लिए रविवार को साक्षात्कार हुआ। रायगढ़ विवि में कुलपति पद के लिए विज्ञापन 19 अगस्त को जारी किया गया था। इसके लिए मात्र 27 आवेदन ही प्राप्त हुए थे। सूत्रों के अनुसार, आधे से अधिक आवेदन छत्तीसगढ़ से बाहर के विश्वविद्यालयों में कार्यरत प्राध्यापक द्वारा किए गए हैं। पं.रविशंकर शुक्ल विवि के तीन प्राध्यापकों द्वारा भी रायगढ़ विवि में कुलपति बनने आवेदन किए गए हैं। रायगढ़ के पूर्व कुलपति डॉ.पटेरिया ने भी आवेदन किया था। रविवि के प्रो.ब्रम्हे और प्रो.एके श्रीवास्तव सहित कई अन्य नाम भी आवेदन कर्ताओं की सूची में शामिल है।

रविवार को अंतिम दौर में चयनित उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया था। सूत्रों के अनुसार, उनसे विवि के लिए उनकी आगामी योजनाएं पूछी गईं। अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्होंने अपनी योजनाओं सहित अपनी अब तक की उपलब्धियां बताईं। 2025 अंत तक विवि के नए कुलपति की घोषणा संभावित है। अन्य विश्वविद्यालयों की तुलना में रायगढ़ विवि को अधिक इंतजार नए कुलपति के लिए नहीं करना पड़ेगा। यहां पद रिक्त होते ही आवेदन प्रारंभ कर दिए गए थे।

## रविवि के तीन प्राध्यापक भी सूची में शामिल, साक्षात्कार में पूछा विवि के लिए उनकी योजनाएं

### सरगुजा विवि में भी कम रही संख्या

पिछले एक साल के अंतराल में दुर्ग विवि, सीएसवीटीयू सहित कई अन्य विश्वविद्यालयों को भी नए कुलपति मिले हैं। प्राध्यापकों में सर्वाधिक क्रेज रविवि का कुलपति बनने रहता है। दुर्ग विवि और स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि के लिए भी 50 से अधिक आवेदन मिले थे। यहां संख्या 60-70 तक पहुंच गई थी। लेकिन बस्तर और सरगुजा संभाग के विश्वविद्यालयों में अधिक दिलचस्पी देखने को नहीं मिल रही है। संत गाहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा में भी कुलपति बनने सिर्फ 32 आवेदन ही मिले थे। यहां साक्षात्कार लगभग दो माह पूर्व ही हो चुका है। अब तक कुलपति के नाम की घोषणा नहीं हुई। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कुलपति के लिए आवेदन की प्रक्रिया 14 जनवरी 2025 को शुरू हुई थी।




### पत्रकारिता विवि को भी इंतजार

प्रदेश में फिलहाल तीन विश्वविद्यालयों को नए कुलपति का इंतजार है। इनमें रायगढ़ और सरगुजा विवि के साथ पत्रकारिता विवि भी शामिल है। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि के लिए प्रथम बार जारी विज्ञापन को रद्द कर दोबारा विज्ञापन जारी किया गया था। पत्रकारिता के क्षेत्र में अनुभव संबंधित मापदंड में इस दौरान बदलाव किया गया था। इसके लिए भी आवेदन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, लेकिन अब तक यहां भी नियुक्ति नहीं हो सकी है।

## खबर संक्षेप

### युवा शिविर के समापन में उमड़ा जनसैलाब



**रायपुर।** युवा सेवा संघ की ओर से वीआईपी रोड स्थित आश्रम में दो दिवसीय आयोजित राज्य स्तरीय तेजस्वी युवा शिविर का समापन रविवार को किया गया। इस शिविर में छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से हजारों युवा लाभ ले रहे हैं। रायपुर आश्रम के संचालक रामा भाई ने बताया कि आश्रम परिसर में युवाओं को तेजस्वी, संयमी, चरित्रवान बनने के साथ-साथ हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से दो दिवसीय तेजस्वी युवा शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्य वक्ता अहमदाबाद आश्रम से आए युवा सेवा संघ प्रमुख भाई संजय अरोरा का मार्गदर्शन युवाओं को मिला। युवा सेवा संघ का परिचय, उद्देश्य, अनुभव सत्र, जीवन में नियम-निष्ठा का महत्व, युवाधन सुरक्षा सत्र, संगठन को कैसे मजबूत करें, तुलसी पूजन एवं मातृ-पितृ पूजन प्रशिक्षण के साथ युवाओं का मानसिक, आध्यात्मिक व शारीरिक विकास कैसे ही इस पर भी सत्र लिए गए। साथ ही योगासन, प्रणायाम का अभ्यास करवाकर ध्यान की गहराई में जाने के बारे में बताया गया। सूर्य भगवान को सामूहिक अर्घ्य देकर युवाओं ने पंचगव्य का सेवन किया, जिससे शरीर की हड्डियों तक के रोगों में लाभ होता है। शिविर में युवाओं को सत्प्रेरणा देने वाली संतों-महापुरुषों की जीवन पर आधारित वीडियो दिखाया गया।

### खुले में शराब पीते पकड़ी गई महिला, गिरफ्तार

**रायपुर।** थाना डीडीनगर क्षेत्र में पुलिसकर्मियों ने 9 नवंबर को पेट्रोलिंग के दौरान खुले में शराब सेवन के मामले में कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, सहायक उपनिरीक्षक अपने हमराह आरक्षकों के साथ अभियान कार्यवाही पर रवाना हुए। भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि इन्द्रप्रस्थ फेस-2 में कुछ लोग खुलेआम शराब का सेवन कर रहे हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां कुछ लोग शराब पीते मिले। पुलिस को आते देख वे सभी मौके से भाग निकले।

### शहीद वीरनारायण सिंह का शहादत दिवस 10 दिसंबर को

**रायपुर।** हांडीपारा स्थित छत्तीसगढ़ी भवन में रविवार को राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी, छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा, शहीद वीरनारायण सिंह शहादत दिवस आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में शहीद वीरनारायण सिंह की 170वीं शहादत दिवस के अवसर पर 10 दिसंबर को भव्य रूप में शहीदी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। शहीद वीरनारायण सिंह की 170वीं शहादत दिवस के कार्यक्रम को भव्य यादगार के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। शहादत दिवस को शहीद वीरनारायण सिंह की शहादत स्थल जयस्तंभ चौक शहीद वीरनारायण सिंह की प्रतिमा स्थल पर सुबह 11 से लेकर शाम 6 तक दिनभर उसकी शौर्य गाथा पर आधारित कविता पाठ, आलेख, भजन, जागरण गीत सहित इतिहासकार, कवि, शिक्षाविदों ,पत्रकारों, समाज प्रमुखों द्वारा ओजस्वी भाषण का आयोजन किया जाएगा ।

ग्राहकों को नहीं मिल पा रहा है सस्ती सब्जियों का फायदा

# चिल्हर में सब्जियों में लूट, थोक से दाम दोगुना 70 का मटर 200 रुपए, 45 का धनिया 120 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ठंड के मौसम के आगाज के साथ ही सब्जियों के दाम बहुत कम हो गए हैं, लेकिन चिल्हर बाजार में ऐसी लूट मची है कि थोक से डेढ़ से दोगुने ज्यादा दाम ग्राहकों से वसूले जा रहे हैं। मटर की नई फसल आने के बाद डूमरतराई थोक सब्जी मंडी में इसके दाम 50 से 70 रुपए किलो हैं, लेकिन चिल्हर में इसे 50 रुपए पाव के हिसाब से 200 रुपए किलो तक बेचा जा रहा है। इसी तरह से बाकी सब्जियों में भी भारी मुनाफाखोरी हो रही है। 40 से 45 रुपए किलो का धनिया 30 रुपए पाव से कहीं कम नहीं मिल रहा है। सज्जन सब्जियों में जिसकी गिनती होती है, ऐसे कद्दू और लौकी के दाम थोक में जरूर ज्यादा हो गए हैं, लेकिन चिल्हर में इसके दाम भी डबल हैं।

सब्जियों में हमेशा से चिल्हर में लूट का काम होता है। चिल्हर में कोई माई-बाप नहीं है, जिसकी जितनी मर्जी, उतने दाम पर सब्जी बेचते हैं। कई सब्जी मंडियों में तो वहां के विक्रेता सिंडिकेट बनाकर भी काम करते हैं। रोज सुबह वाट्स एप ग्रुप में सब्जियों के दाम तय करके उसी दाम पर बेचते हैं। कोई कम दाम पर बेचता है तो उसे ग्रुप से बाहर कर धमकाने का भी काम होता है।

## चिल्हर में कोई माई-बाप नहीं, जिसकी जितनी मर्जी, उतने दाम



**मटर सबसे महंगा** आमतौर पर मटर की नई फसल के आने के बाद इसके दाम चिल्हर में 30 से 40 रुपए पाव से ज्यादा नहीं होते, लेकिन राजधानी के बाजार में इस समय बहुत कम स्थानों पर इसको 40 रुपए पाव में बेचा जा रहा है, ज्यादातर सब्जी मंडियों में इसके दाम 50 रुपए पाव हैं। जबकि डूमरतराई थोक मंडी में तीन-चार दिनों से जबलपुर से आ रहे मटर को 50 से 70 रुपए किलो में बेचा जा रहा है। एक दिन पहले ही प्रारंभ में मटर के दाम 70 रुपए रहे, इसके बाद जब इसकी बिक्री कम हुई तो इसके दाम 50 रुपए किलो कर दिए गए। चिल्हर बाजार में इसके दाम दो से तीन गुना लिए जा रहे हैं।

### थोक और चिल्हर में बहुत अंतर

*थोक और चिल्हर में सब्जियों के दाम में बहुत अंतर है। फूलगोभी थोक में 40 रुपए और चिल्हर में 60 से 80 रुपए, पत्तागोभी थोक में 15 रुपए, चिल्हर में 30 से 40 रुपए, बैंगन थोक में 25 से 30 रुपए और चिल्हर में 40 से 50 रुपए, करेला थोक में 30 रुपए, चिल्हर में 60 रुपए, भिंडी थोक में 50 रुपए, चिल्हर में 80 रुपए, पालक भाजी थोक में 30 रुपए ,चिल्हर में 60 रुपए, धनिया थोक में 40 से 45 चिल्हर में 120 रुपए, कद्दू थोक में 18 से 20 रुपए, चिल्हर में 40 रुपए, लौकी थोक में 20 से 25 रुपए, चिल्हर में 40 रुपए, मेथी थोक में 60 से 70, चिल्हर में 120 रुपए, टमाटर अच्छी क्वालिटी का थोक में 15 रुपए चिल्हर में 30 रुपए किलो तक बिक रहा है।*

### थोक में सब्जियों के दाम कम

*ठंड के साथ ही सब्जियों की भरपूर आवक होने के कारण इसके दाम थोक में बहुत कम हो गए हैं। नया मटर थोक में 50 से 70 रुपए किलो बिक रहा है।*

*- टी. श्रीनिवास रेड्डी, अध्यक्ष, डूमरतराई सब्जी मंडी*

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन की तैयारी में फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर रविवार को दीपावली मिलन एवं पदाधिकारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के नेता, सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान फेडरेशन द्वारा कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी निश्चितकालीन आंदोलन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि आंदोलन की अंतिम रणनीति फेडरेशन की कोर कमेटी की बैठक में तय की जाएगी।




समारोह के दौरान छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन पेंशनर्स फोरम के प्रदेश संयोजक बीपी शर्मा ने पेंशनरों की ज्वलंत समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए पेंशनरों के हित में लिए गए निर्णयों से अवगत कराया। इस अवसर पर फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा ने फेडरेशन के अब तक के संघर्षों से सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों को अपने अधिकारों की रक्षा और सम्मान के लिए एकजुट होकर संघर्षरत रहना होगा। प्रांतीय संरक्षक सुभाष मिश्रा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न संगठनों के प्रांतीय अध्यक्षों का एक मंच पर आना समय की मांग है। फेडरेशन ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों के संबंध में स्पष्ट किया है कि यदि शासन द्वारा इन 11 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रारंभ करेगा।


### शराब खरीदने गए ऑटो चालक से की मारपीट

**रायपुर।** पंडरी क्षेत्र में शराब दुकान में शराब खरीदने गए आटो चालक से मारपीट के मामले में पुलिस ने शिकायत दर्ज की है। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब 9.50 बजे काउंटर पर पैसे देते समय टिंगू सोनवानी अपने कुछ साथियों के साथ पहुंचा और पीड़ित के हाथ से पैसे छीनने का प्रयास किया। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी।

# हाथ नहीं आया धान का टोकन, किसानों की शिकायत- डाउनलोड नहीं हो रहा एप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए राज्य के किसानों के हाथ टोकन नहीं आया है। 9 नवंबर से तुंहर टोकन एप के माध्यम से किसानों को टोकन मिलना था। किसानों की शिकायत है कि तुंहर टोकन एप प्ले स्टोर से डाउनलोड ही नहीं हो रहा है। वहीं सहकारी समितियों के प्रबंधक और ऑपरेटरों के हड़ताल में चले जाने के कारण यह स्थिति बनी है। बताया जा रहा है कि सहकारिता विभाग उनकी हड़ताल खत्म कराने के लिए कर्मचारी संघ से लगातार चर्चा कर रहा है। संघ के पदाधिकारियों की सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के साथ हुई वार्ता



विफल होने की जानकारी मिली है। छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए 26 लाख 49 हजार से अधिक किसान पंजीकृत हो चुके हैं। पिछले सीजन के मुकाबले यह संख्या एक लाख अधिक है। राज्य में किसानों से धान खरीदी शुरू करने के सिलसिले में खाद्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

### छोटे किसानों को 2, बड़े किसानों को 3 टोकन

*धान खरीदी के संबंध में राज्य सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण निर्देशों में कई अहम बिंदु शामिल हैं। यदि कृषक द्वारा अंतिम टोकन में प्रविष्ट की गई धान की मात्रा उपार्जन केंद्र में निर्धारित खरीदी लिमिट से अधिक होती है तो उस स्थिति में उक्त उपार्जन केंद्र में खरीदी लिमिट के 30 प्रतिशत तक का अधिक का उपार्जन किया जा सकेगा। सीमांत कृषक एवं लघु कृषक का अधिकतम 2 टोकन एवं दीर्घ कृषक (5) एकड़ वाले को अधिकतम 3 टोकन बनाने की अनुमति है, जिसमें निरस्त किए गए टोकन भी शामिल होंगे।*

### सहकारिता मंत्री से वार्ता विफल

सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने सहकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों से चर्चा कर हड़ताल से लौटने का आव्हान किया। संघ की कुछ मांगों पर उन्होंने सहमति दी है। सूत्रों के अनुसार, संघ के पदाधिकारी इससे सहमत नहीं हुए और उन्होंने मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रखने की बात कही है। बताया गया है कि कल फिर से मार्कफेड के एमडी और समिति प्रबंधकों के साथ बैठक होगी। बैठक में मांगों पर निर्णय लिए जा सकते हैं। संघ के पदाधिकारियों ने इस बैठक में नहीं जाने का मन बना लिया है। यह बताया गया है कि धान खरीदी के संबंध में मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक 14 नवंबर को होनी है।

# छत्तीसगढ़ में हो रहा है जैव ईंधन के उत्पादन में 3500 करोड़ का निवेश, अतिशेष चावल से बनाएंगे एथेनाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा राजधानी रायपुर में बायोफ्यूल एण्ड बायो एनर्जी एक्सपो का आयोजन 7 से 9 नवंबर तक किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल रोडमैप विजन 2024-29 पर आयोजित सेमीनार में बायोफ्यूल तकनीक पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण के सीईओ सुमित सरकार ने छत्तीसगढ़ के जैव ईंधन रोडमैप की चर्चा करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य को बायोफ्यूल के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की पहल की जा रही है।

**3500 करोड़ का निवेश:** सीईओ सुमित सरकार ने बताया कि छत्तीसगढ़ में निजी कंपनियों द्वारा छत्तीसगढ़ औद्योगिक नीति 2024-2030 के अनुरूप लगभग 3500 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। गैल और बीपीसीएल जैसी ओजीएमसी ने विभिन्न यूएलबी में 8 एमएसडब्ल्यू,बायोमास आधारित संपीड़ित बायोगैस संयंत्र स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ओएनजीसी ग्रीन और एचपीसीएल ग्रीन वर्तमान में सीबीजी उत्पादन इकाईयां स्थापित करने के लिए विभिन्न स्थानों का सर्वेक्षण करा रही हैं।

**हो रहा है ये परीक्षण:** राज्य में चावल, मक्का और चने के अवशेषों का उपयोग करके बायोएथेनॉल और कम्प्रेस्ड बायोगैस बनाने के लिए फीडस्टॉक-आधारित परीक्षण किया जा रहा हैं। इसके साथ ही कृषि अपशिष्ट को सब्सट्रेट के रूप में उपयोग करके एंजाइम उत्पादन परीक्षण और नए माइक्रोबियल स्ट्रेन का संवर्धन हो रहा है। उन्होंने बताया कि बायो-विमानन ईंधन के क्षेत्र में सीबीडीए अब बायोमास-आधारित हाइड्रोजन के उत्पादन की तैयारी कर रहा है, जिसका उपयोग बाद में हाइड्रोप्रोसेस्ड एस्टर और फैटी एसिड तकनीक के माध्यम से एसएएफ उत्पादन के लिए किया जाएगा।

### अतिशेष चावल से बनेगा बायोएथेनॉल

छत्तीसगढ़ में अधिशेष चावल को प्राथमिक फीडस्टॉक के रूप में उपयोग करके बायोएथेनॉल उत्पादन के लिए पहले ही एक मानक संचालन प्रक्रिया विकसित कर ली है। हाल ही में, राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई), कानपुर के सहयोग से, सीबीडीए बायोफ्यूल कॉम्प्लेक्स स्थल, ग्राम गोढ़ी, जिला दुर्ग में एक वैकल्पिक फीडस्टॉक स्थापित करने के लिए चुकंदर की खेती पर परीक्षण शुरू किया है। अगला कदम इथेनॉल उत्पादन के लिए इसकी क्षमता का परीक्षण करना है, जिससे भारत के 20 प्रतिशत मिश्रण लक्ष्य और उससे आगे की उपलब्धि में सहायता मिलेगी, जिससे इस पहल की निरंतर सफलता सुनिश्चित होगी।

### गैल के सीजीएम ने दी ये जानकारी

इस सेमीनार में गैल के सीजीएम मोहम्मद नजीब कुरैशी और डीजीएम जितेन्द्र पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन के पाइप लाईन नेटवर्क के बारे में जानकारी दी। बीपीसीएल के डीजीएम संजय ठाकुर ने छत्तीसगढ़ में कम्प्रेस बायोगैस की संभावनाओं के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया। इसी प्रकार रिलायंस इंडस्ट्रीज के डीजीएम सुशील वर्मा ने धान से कम्प्रेस बायोगैस उत्पादन के बारे में जानकारी दी। इसी प्रकार आरईवीवाय के इन्वारमेंटल साल्यूशन प्रा.लि. के फाउंडर डायरेक्टर डॉ. वनिता प्रसाद ने बायोगेस प्लांट के संचालन, एट्रीएम इनोवेशन प्रा.लि. पुणे के डायरेक्टर राजेश दाते ने एनोरोबिक काम्पोस्टिंग सिस्टम, इंग्रोटेक एक्वा इंजीनियर्स प्रा.लि. संबलपुर के मैनेजिंग डायरेक्टर सुकांत कुमार मेहेर ने एसटीपी प्लांट से कम्प्रेस बायोगैस की उत्पादन की संभावनाओं और एईसी एग्रोटेक के सीईओ जितेंद्र नारायण ने कम्प्रेस बायोगैस पॉलिसी, प्रोक्योरमेंट और प्राइसिंग के बारे में जानकारी दी।

## कोलकाता के भरोसे हो रही कई जांच

# आधा दर्जन कर्मचारियों के भरोसे दवाओं की जांच करने वाला एकमात्र लैब, सैंपल ज्यादा, इसलिए पेंडेंसी भी अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बाजार में बिकने वाली दवाओं की गुणवत्ता की जांच करने वाला राज्य का एकमात्र लैब आधा दर्जन कर्मचारियों के भरोसे चल रहा है। टेस्टिंग के लिए यहां राज्यभर से सैंपल आते हैं, जिसकी रिपोर्ट मिलने में दो महीने तक का वक्त लग जाता है। यहां नए पदों पर भर्ती की योजना तो है, मगर इसके लिए नया लैब तैयार होने का इंतजार है। वर्तमान में दवाओं से संबंधित माइक्रोबायोलॉजी सहित अन्य जांच कोलकाता के भरोसे होती है। इस लैब को अभी एनएबीएल की मान्यता भी नहीं है।

राज्यभर में दवा दुकानों से उठाए जाने वाले ड्रग के सैंपल राज्य के एकमात्र शासकीय लैब भेजे जाते हैं। यह लैब अभी संसाधनों के अभाव से जूझ रहा है। खासकर यहां कर्मचारियों की संख्या बेहद सीमित है, इसलिए संवेदनशील दवाओं को छोड़कर नियमित मामलों में जांच के लिए आने वाले नमूने की टेस्टिंग में दो महीने तक का वक्त लग जाता है। इसकी वजह से कई बार दवा के प्रकरण की जांच भी प्रभावित होती है। वैसे तो इस लैब में विभिन्न स्तर के 19 पद हैं।

### इस तरह मानव संसाधन की कमी

| | |
|---|---|
| सीनियर साइंटिफिक अधिकारी - | 2 |
| सीनियर असिस्टेंट - | 1 |
| जूनियर असिस्टेंट- | 14 |
| माइक्रो बायोलॉजिस्ट- | 2 |

### कफ सिरप अभियान के सैंपल डंप

पड़ोसी राज्य में कफ सिरप के सेवन से होने वाली मौत के बाद सक्रिय खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने राज्यभर से कफ सिरप के सैंपल लिए थे। इन नमूनों की पूरी जांच नहीं हो पाई है। इसलिए रायपुर समेत अन्य जिलों के सैंपलों पर आवश्यक कार्रवाई अटकी हुई है। पिछले महीने यहां हुई जांच में विभिन्न तरह की आठ दवाओं को अमानक पाया गया था।

### सैकड़ों करोड़ का कारोबार


छत्तीसगढ़ दवा के कारोबार का बड़ा सेक्टर है। यहां से झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में दवा सप्लाई की जाती है। इसके अलावा दूसरे राज्यों में बनने वाली दवाएं यहां पहुंचती हैं। इन दवाओं को रिटेलर्स के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाने के लिए जांच आवश्यक है। इसके लिए लैब के साथ मैदानी अमले को भी बढ़ाने की आवश्यकता है।

# छत्तीसगढ़ पुलिस अब एके-47 से फायर करेगी अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सशस्त्र पुलिस बल के हथियारबंद पुलिसकर्मियों की एके-47 राइफल अब और ज्यादा ताकतवर तथा मारक होने वाली है। राज्य पुलिस अब इन राइफलों के निचले हिस्से में 40 मिमी कैलिबर वाला थूथन लोडेड यूबीजीएल लगाने की तैयारी में है। खास बात ये है कि यह अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर, हैंड ग्रेनेड से कई गुना अधिक क्षमता का होगा, जो लक्ष्य से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष 150 से 400 मीटर की दूरी तक निशाना साध सकेगा।

राज्य पुलिस मुख्यालय इस तरह के 410, 40 एमएम यूबीजीएल खरीदने की तैयारी में है। इस हथियार



खरीदी के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। एक अनुमान के मुताबिक, यह सौदा 14 करोड़ 35 लाख रुपए से अधिक का हो सकता है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसकी सप्लाई अगले चार महीनों में पुलिस को किए जाने की शर्त भी रखी गई है।

### 40 एमएम यूबीजीएल मजल लोडेड क्या है

40 एमएम यूबीजीएल मजल लोडेड एक राइफल की बैरल के नीचे लगे 40 मिमी अंडर-बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (यूबीजीएल) में ग्रेनेड लोड किया गया है। यह एक प्रकार के अतिरिक्त हथियार है, जो राइफल के साथ जुड़ता है और इसका उपयोग शत्रुओं पर ग्रेनेड दागने के लिए किया जाता है, जिसकी मारक क्षमता हैंड ग्रेनेड की तुलना में बहुत अधिक होती है। मजल लोडेड का मतलब है कि ग्रेनेड को लॉन्चर की मजल या मुंह वाले सिरे से डाला गया है। कुछ यूबीजीएल ब्रीच-लोडेड (पीछे से) भी होते हैं।

## खबर संक्षेप



### घोंघे से ग्रामीण त्रस्त सब्जी फसल को पहुंचा रहे नुकसान

**नर्रा।** बागबाहरा विखं के अनेक गांवों मे चमकीली घोंघे से ग्रामीण त्रस्त है। यह घोंघे की आकार शंख की तरह चमकीली है। यह घोंघे बाड़ी, खेत, घरों तथा सड़क किनारे में देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि घोंघे सब्जियों की पत्तियां, तनों और फूलों को खा जाते हैं। जिससे फसलों को भारी नुकसान पहुंच रहा है, जिससे पैदावार में भी कमी देखा जा रहा है। छोटे पौधे को पूरी तरह से नुकसान कर कुतर देते है और नष्ट कर देते है। ग्रामीणों ने बताया कि घोंघे पर नमक डाल देने से मर जाता है।

### 8 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 2 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए के मान से कुल 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत मौहरी भाठा महासमुंद की मृतिका नेहा साहू के पिता विष्णु साहू के लिए एवं ग्राम बेलटुकरी के मृतक ओकेलाल पटेल की पत्नी पार्वती पटेल के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सर्द हवा चलने से क्षेत्र में बढ़ी ठिठुरन

**नर्रा।** बीते कुछ दिनों से उत्तर दिशा से सर्द हवा चलने से क्षेत्र में ठिठुरन जैसे ठंड पड़ने से गर्म कपड़े शाल, स्वेटर, टोपी जैकेट का उपयोग करना लोगों ने शुरू कर दिया। वहीं ठंड के कारण शाम के 8 बजते ही सड़कें वीरान हो जाती है। ग्रामीण अंचल के गांवों में ठंड से बचने अल सुबह अलाव का सहारा लेते नजर आ रहे ग्रामीण है। अब गर्म कपड़े की मांग बढ़ने लगी है।



### खरोरा में रोज निकाली जा रही प्रभात फेरी

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में रोज सुबह से प्रभात फेरी निकाली जा रही है। इस प्रभात फेरी में धार्मिक जुलूस का वर्णन करता है, इसी को प्रभात फेरी कहते है। जहां लोगों ने सुबह-से भजन गाते हुए और जय माता दी जैसे नारे लगाते हुए सामूहिक रूप से जुलूस निकालते हैं, जैसे धार्मिक अवसरों पर जय माता दी जयकारों के साथ की जाती है। प्रभात फेरी का अर्थ है सुबह का जुलूस। यह एक पवित्र जुलूस है जो सूर्योदय से पहले सुबह से निकालते हैं। जिसमें लोग भजन और कीर्तन गाते हुए शांति और सकारात्मकता फैलाने के लिए एक साथ चलते हैं। इस टीम के प्रमुख रंजित चंद्राकर, भीखम यादव, भूषण चंद्राकर, परशु यादव, लक्ष्मीचंद धीवर, राधे निर्मलकर, राजू सेन, दिलीप सेन, हीराबाई चंद्राकर, दुलार यादव, उमेन्द्र चंद्राकर, तनु निर्मलकर, माधुरी पटेल,अनुसुईया चंद्राकर आदि शामिल है।



### स्काउट प्रशिक्षण में छात्र हुए सम्मानित

**महासमुंद।** वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र भौमिक तिवारी, और्जित सिंह यादव, एकलव्य यादव, मोहम्मद अस्जद रज़ा को 5 नवंबर से 9 नवंबर तक भारत स्काउट एवं गाइडस तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर ग्राम कोसरंगी में आयोजित प्रशिक्षण में भाग लेने पर उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ ने हर्ष जताया। छात्रों को मार्गदर्शन देने में शिक्षक स्काउट गाइड प्रभारी मोहित कुमार वर्मा का योगदान रहा।

---

**योजना : साइकिल वितरण समारोह पहुंचे क्षेत्रीय विधायक**

# भूकेल स्कूल की छात्राओं को सरस्वती साइकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने और उनकी विद्यालय तक पहुंच को सरल बनाने के उद्देश्य से बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भूकेल स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी एवं हिंदी उत्कृष्ट विद्यालय में सोमवार को निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और अपने हाथों से छात्र-छात्राओं को सायकल वितरित की।

विधायक अग्रवाल ने कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना कर की, जिसके बाद साइकिल वितरण का सिलसिला शुरू हुआ। छात्र-छात्राओं को नई साइकिल मिलने पर उनके चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि यह सायकल वितरण योजना छत्तीसगढ़ सरकार की एक अत्यंत सार्थक पहल है। उन्होंने अपने उद्बोधन में जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए यह योजना विद्यालय तक पहुंच को सरल बनाते हुए शिक्षा के प्रति उत्साह और निरंतरता को प्रोत्साहित करती है। अब दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले मेरे प्यारे बच्चों को स्कूल आने में कोई परेशानी नहीं होगी। यह साइकिलें आपको न केवल स्कूल तक पहुंचाएंगी, बल्कि आपके भविष्य निर्माण की गति को भी बढ़ाएंगी। विधायक ने विशेष रूप से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी देश का भविष्य हैं। यह साइकिलें आपको एक सुविधा दे रही हैं, लेकिन आपका असली लक्ष्य अपनी शिक्षा पर केंद्रित करना होना चाहिए। मेहनत करें, लगन से पढ़ें और अपने माता-पिता के साथ-साथ इस क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करें। याद रखें, दुनिया में शिक्षा ही सबसे बड़ा धन है।

इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मोहित पटेल, सरपंच त्रिलोचन भोई, सरपंच कांता सिदार, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रीतिराम पटेल, उपसरपंच लखेश्वर पटेल, गोरिया रियाज मोहम्मद, अध्यक्ष एसएमडीसी सागरचंद्र कश्यप, सोसायटी अध्यक्ष केदार पटेल, विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा, बीआरसी अनिल सिंह, जनपद सदस्य अरुण साहू, पंचगण शिव, पंच प्रतिनिधि किरण यादव, गंगाराम, प्राचार्य चक्रधर पटेल आदि मौजूद रहे। मंच संचालन विजय शंकर निषाद ने किया।



**क्षेत्र के विकास के प्रति दोहराई प्रतिबद्धता**

कार्यक्रम समाप्ति के बाद विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने शिक्षा और क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विधायक ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि भूकेल में आत्मानंद स्कूल की स्थापना एक मील का पत्थर है। सरस्वती सायकल वितरण जैसी योजनाएं यह सुनिश्चित करती हैं कि आर्थिक या भौगोलिक बाधाओं के कारण कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। हमारी सरकार शिक्षा के मूलभूत ढांचे को मजबूत करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। हम हर बच्चे के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि बसना विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है, और जल्द ही कई महत्वपूर्ण कार्य धरातल पर दिखाई देंगे। यह आयोजन क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने में सफल रहा।

---

# प्रधानमंत्री आवास योजना : 55687 गरीब परिवारों का आवास स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत 678 विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों का आवास बनेगा



प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों के विकास की दिशा में सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ यह योजना देश के हर उस नागरिक तक छत पहुंचाने का प्रयास किया है, जिसके सिर पर अब तक अपना घर नहीं था। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में इस योजना ने गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा किया है, साथ ही स्वच्छता, जीवन-स्तर और सामाजिक गरिमा में भी अभूतपूर्व सुधार लाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से जहां गाँवों में लाखों परिवारों को नया घर मिला है, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ने शहरों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सम्मानजनक आवास प्रदान किया है। इस योजना से गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत के सपने को आधार मिला है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस मिशन को पूरा करने के लिए राज्य सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कदम से कदम मिलाकर चल रही है। चयनित पात्र हितग्राहियों के पक्के घर का सपना पूरा करने के लिए तीव्र गति से कार्य कर रही है। महासमुंद जिले में इसका बेहतर क्रियान्वयन देखने को मिल रहा है। जिंदगी भर कच्चे मकान में रहने की दुःख से उबरते हुए अब गरीब परिवारों को भी पक्का छत नसीब हो रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में वर्ष 2024-25 में 51 हजार 955 आवास स्वीकृत करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें अब तक 45 हजार 75 आवास स्वीकृत हुए हैं। इनमें से अब तक 13 हजार 621 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 31 हजार 454 आवास निर्माणाधीन हैं। जिसके तहत 43 हजार 321 हितग्राहियों के खाते में प्रथम किस्त की राशि जारी किया गया है। इसी तरह 22 हजार 204 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त एवं 7 हजार 497 हितग्राहियों को तृतीय किस्त की राशि जारी किया जा चुका है। इसी तरह 2025-26 में 13 हजार 976 आवास स्वीकृत करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें अब तक 10 हजार 612 आवास स्वीकृत हो चुका है तथा 3 हजार 364 स्वीकृत कार्य प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा समाज के मुख्यधारा से कटे जनजाति और विशेष पिछड़ी समुदाय के लोगों को पक्का आवास मुहैय्या कराने प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत महासमुंद जिले में बागबाहरा, महासमुंद एवं पिथौरा के 678 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत किया गया, जिनमें से 372 आवास पूर्ण हो चुके हैं तथा 306 आवास प्रगतिरत हैं। जिसके तहत 673 हितग्राहियों के खाते में प्रथम किस्त की राशि जमा किया गया है। इसी तरह 560 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त, 465 हितग्राहियों को तृतीय किस्त एवं 307 हितग्राहियों को चतुर्थ किस्त की राशि जारी किया जा चुका है। अब उनके सपने पूरा होने को है।

---

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर से भाजपा सदस्य व किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने मुलाकात कर गमछा भेंट किया। उन्होंने कहा उनके साथ की गई चर्चाएं और उनसे प्राप्त मार्गदर्शन किसान हित और संगठन के कार्यों के लिए अवश्य ही उपयोगी साबित होंगे।

---

# गढ़फुलझर में मनाई गई गुरु नानक जयंती

**जिला पंचायत सदस्य मोक्ष कुमार प्रधान ने गुरुद्वारा में टेका मत्था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्राम गढ़फुलझर स्थित गुरुद्वारा भवन में प्रथम सिख गुरु, गुरु नानक देव की जयंती बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाई गई। सुबह से ही गुरुद्वारा परिसर को रंग-बिरंगे फूलों और रोशनी से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने गुरुबाणी का सामूहिक पाठ कर गुरु नानक देव के उपदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मोक्ष कुमार प्रधान विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका और गुरु परंपरा के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की। मोक्ष कुमार प्रधान ने इस मौके पर कहा कि गुरु नानक देव ने समाज में समानता, भाईचारा और सेवा का संदेश दिया। उनके उपदेश आज भी मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने



उपस्थित श्रद्धालुओं से गुरु नानक देव की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गुरुद्वारे में कीर्तन, लंगर वितरण और बच्चों द्वारा प्रस्तुत धार्मिक भजन मुख्य आकर्षण रहे।

---

# जिला जेल में मनोसामाजिक परामर्श शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** एनएचएम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला जेल महासमुंद में बंदियों और स्टॉफ के साथ मिलकर मनोसामाजिक परामर्श शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 150 बंदी को स्क्रीनिंग किया गया। 17 बंदी सामान्य से अत्यधिक तनाव ग्रस्त पाया गया। इसमें मुख्यतः 2 डिप्रेशन, 5 एल्कोहल विड्रॉल, 2 कैनबिस, 3 डिप्रेशन, 1 साइकोसिस, 2 एंजायटी, 1 स्ट्रेस, 1 सीजर डिसऑर्डर के मानसिक रोग मरीज मिले। इसमें कई ऐसे मरीज है जो पूर्व से साइकेट्रिक मेडिसिन चल रहा है। सभी को बारी-बारी बुलाकर मनोसामाजिक परामर्श के साथ ग्रुप थैरेपी दिया गया। रजत जयंती के मौके पर मानसिक स्वास्थ्य जांच, तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम कार्यशाला आयोजित किया गया। मौसमी बीमारी आदि के बारे में बताया गया। डॉ आई नागेश्वर राव सीएमएचओ, डॉ बी. माहेश्वरी संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक, नीलू घृतलहरे डीपीएम व डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का समन्वय किया गया। इस अवसर पर जेल उप अधिक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा मौजूद रहे। मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल महासमुंद से रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता, खोमन लाल सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, देव कुमार डडसेना योग शिक्षक व टीम द्वारा 150 बंदियों व स्टॉफ के स्क्रीनिंग किया गया।

---

# परिणाम से बड़ा होता है खेल से मिला अनुभवः निखिलकांत

**झाखरपाली के कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए नपाध्यक्ष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- खेल के माध्यम से शरीर तो स्वस्थ रहता है, साथ ही मानसिक रूप से हम सशक्त

खल्लारी क्षेत्र के ग्राम झाखरपाली में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के दर्जनों कबड्डी टीमों ने खेल का प्रदर्शन किया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना से खेलने की बात कही।



कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि पारंपरिक खेलों के आयोजन में ग्रामीण क्षेत्र आज भी अग्रणी है। कबड्डी केवल एक खेल ही नहीं बल्कि मन, मस्तिष्क को स्वस्थ रखने का एक बेहतर माध्यम भी है। इसके माध्यम से शरीर तो स्वस्थ रहता ही है। साथ ही मानसिक रूप से हम सशक्त होते हैं। हार-जीत से बढ़कर खेल का अनुभव मायने रखता है। खेल से मिले अनुभव से ही खिलाड़ी आगे अपने खेल कौशल में सुधार लाकर और बेहतर ढंग से प्रदर्शन करता है। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों को स्पर्धा के आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी तथा आयोजन में शामिल होने का अवसर प्रदान करने पर समस्त ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, सरिता राज दीवान सरपंच भुरकोनी, आलेखराम ठाकुर, पितांबर भोई, अरूण अग्रवाल, घनश्याम सोनवानी, तरूण अग्रवाल, शिव सागर, ओमप्रकाश साहू, अभिषेक साहू, माधव विश्वकर्मा, लखन भोई, परमानंद, ओमप्रकाश भोई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व आयोजन समिति के सदस्य, पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

# सूर्य घर योजना के लिए लगा शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

यहां के उपसंभाग कार्यालय में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत योजना में रजिस्ट्रेशन एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं को योजना अंतर्गत बिल में मिलने वाले लाभ एवं सब्सिडी की जानकारी दी गई। इसमें लगभग 97 उपभोक्ताओं ने अपना नाम रजिस्ट्रेशन करवाया एवं अन्य उपभोक्ताओं ने भी रजिस्ट्रेशन करवाने में अपनी सहमती व्यक्त की। इस कार्यक्रम में एके ठाकुर कार्यपालन अभियंता बलौदाबाजार, स्वाति साहू कनिष्ठ अभियंता लवन उपसंभाग, शिव मंगल सिंह चौहान अध्यक्ष नगर पंचायत लवन, नरेंद्र साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत लवन, पार्षद ढालेश्वर ढीमर, गेंद सेन, भारत भूषण साहू, पंकज अग्रवाल, कर्मचारी गण मनोज साहू, राजेंद्र कुमार वैष्णव, संतोष ध्रुव, लता ध्रुव, हितेश सिन्हा, देवेंद्र देवांगन, संजय यादव, जितेंद्र साहू, सूर्यकांत तिवारी, सोहन साहू, राजू साहू, बनवारी बार्वे, सोमप्रकाश साहू, विक्रांत, अमरनाथ एवं अन्य कर्मचारियों के साथ साथ कई गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

---

# छात्रों ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सेजेएस महासमुंद में विविध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

गौरव जनजातीय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित गौरव जनजातीय पखवाड़ा पर सेजेस (हिंदी माध्यम) में स्वतन्त्रता सेनानियों के सम्मान में चित्रकला, नृत्यकला व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चित्रकला में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर शहीद बिरसा मुंडा, गुंडाधुर, शहीद वीरनारायण सिंह, अहिल्या बाई का



चित्र बनाकर उनकी जीवनी बताई गई। जिसमें प्रथम सागर चंद्राकर, द्वितीय कान्हा सोनी, तृतीय प्रेक्षा सिन्हा रहे।

शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा बिरसा मुंडा की जीवनी पर आधारित नृत्य नाटक पर प्रस्तुत किया गया। प्रधान पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि आदिवासी जनजातीय सदैव हमारे गौरव रहे है। इन्हीं के बलिदान स्वरूप आज हम स्वतन्त्रता पूर्वक जिंदगी जी रहे हैं। बिरसा मुंडा जैसे स्वतन्त्रता सेनानियों में भारत के राष्ट निर्माण एवं भारतीय संस्कृतियों को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।

---

**पेज 9 के शेष**

**दो अलग-अलग...**

स्वयं नदी में जा गिरा, जहां गहरे पानी में गिरने डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई और आगे बहते जा रहा था जिसे मछली मारने वाले निषाद लोगों के मदद से बाहर निकाला गया। पुलिस ने सूचक तिरीथ यादव की सूचना पर मर्ग कायम किया है।

**नशा मुक्ति के ...**

सहायक उप निरीक्षक गांधी बंजारे, प्रधान आरक्षक संतराम बंजारे, आरक्षक भूलेश्वर कोसले, अजय बंजारे, भूपेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र साहू, महिला आरक्षक सरिता, महिला कमांडो में अध्यक्ष नरेश बाई पटेल, उपाध्यक्ष दुर्वासाबाई यादव, मलेशिया बाई पटेल, नंद कुमारी पटेल, चंद्रकाली पटेल, कृष्णा पटेल, सोनी केवट, ललिता प्रजापति, रामायण बाई सहित लगभग 200 महिलाएं उपस्थित रहीं।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
07 नवंबर 2025 SHOW TIME
एम.ए. प्रीवियस (सीजी)
शो समय -12:00,3:00 PM
द ताज स्टोरी
शो समय - 6:00 PM, 9:00 PM
एक दीवाने की दिवानियत
शो समय - 6:00 PM
जटाधरा
शो समय - 12:00,03:00, 09:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
book my show पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# रॉकेट लॉचर, उपग्रह मॉडल सहित अन्य तकनीकी की छात्रों को मिली जानकारी

## इसरों के वैज्ञानिकों ने उपकरणों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कर बच्चों में वैज्ञानिक जिज्ञासा का किया संचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विज्ञान, नवाचार और शोध चेतना दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकडरी स्कूल, खमरिया भाटापारा में विक्रम साराभाई स्पेस एग्ज़िबिशन स्पेस एप्लीकेशन सेंटर, इसरो अहमदाबाद का आयोजन संपन्न हुआ। इस विराट मेगा साइंस फेस्ट में इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने अपने विशिष्ट वैज्ञानिक उपकरणों, मॉडल्स तथा प्रायोगिक यंत्रों के साथ उपस्थिति दर्ज कराई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा थे। इस अवसर पर गेस्ट ऑफ ऑनर शिवरतन शर्मा, डॉ. नरेंद्र डी. लोंधे प्रोफेसर एवं रजिस्ट्रार एनआईटी रायपुर, श्रीकांत दुबे, विवेक कुमार मिश्रा, रवि कुमार वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक, इसरो, एमएन सिंह स्टेट साइंस कोऑर्डिनेटर, एनएच गोयल, रायपुर, कौशिक मुनि त्रिपाठी प्रधानाचार्य आदि की उपस्थिति रही। गेस्ट ऑफ ऑनर शिवरतन शर्मा ने कहा इसरो के वैज्ञानिकों का आगमन मानो गंगाजल का प्रवाह है जो आपके ज्ञान को पवित्र कर रहा है। आप इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाएँ और विज्ञान के प्रति अपनी जिज्ञासाओं को जागृत रखें।डॉ. नरेंद्र डी लोंधे ने विक्रम साराभाई की वैज्ञानिक दृष्टि, इसरो की उपलब्धियों तथा युवा वैज्ञानिकों के लिए उभरते अवसरों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। एमएन सिंह एवं कौशिक मुनि त्रिपाठी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।विद्यालय के डायरेक्टर अश्विनी शर्मा ने बच्चों से नवाचार एवं अनुसंधान की दिशा में अग्रसर होने का आह्वान किया।




### एग्जिबिशन में हजारों छात्रों ने लिया हिस्सा

तीन दिवसीय इस मेगा आयोजन के प्रथम दिवस जिले के विविध विद्यालयों से लगभग साढ़े चार हजार विद्यार्थियों ने सहभागिता कर विज्ञान के इस उत्सव को जन-जन का पर्व बना दिया। इसरो के वैज्ञानिकों ने रॉकेट लांचर, उपग्रह मॉडल तथा अन्य तकनीकी उपकरणों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कर बच्चों में वैज्ञानिक जिज्ञासा का संचार किया। विद्यार्थियों ने वैज्ञानिकों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं के समाधान प्राप्त किए। मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा ने कहा आप भारत के भावी वैज्ञानिक हैं, आने वाला युग विज्ञान और तकनीक का युग है। ज्ञान और परिश्रम से ही राष्ट्र की प्रगति संभव है, अतः विज्ञान की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहें।

## खबर संक्षेप



### राज्य वुडबॉल चैम्पियनशिप में श्रृंगी का शानदार प्रदर्शन

**अमेरा।** श्री दावडा यूनिवर्सिटी रायपुर में 6वीं सीनियर/ जूनियर राज्य वुडबॉल चैम्पियनशिप में प्रदेश के 12 से अधिक जिलों की टीमें शामिल हुईं। इस प्रतियोगिता में बलौदाबाज़ार के प्रतिभाशाली खिलाड़ी श्रृंगी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई उपलब्धियां हासिल की और जिले को गौरवान्वित किया। पुरुष डबल्स स्पर्धा में श्रृंगी शर्मा ने अपने साथी होमसिंह के साथ बेहतरीन तालमेल और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। वहीं स्पेशल स्ट्रोक इवेंट में उन्होंने मात्र 21 स्ट्रोक में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा 2100 नकद पुरस्कार से सम्मानित हुए। यह उल्लेखनीय है कि श्रृंगी शर्मा अब तक चार बार भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और विभिन्न राष्ट्रीय वुडबॉल प्रतियोगिताओं में कई पदक अर्जित कर चुके हैं। वुडबॉल खेल के प्रति उनका समर्पण, अनुशासन और कठिन परिश्रम उन्हें निरंतर सफलता की ओर अग्रसर कर रहा है।

### परगिया व चंद्राकर कुर्मी समाज की बैठक में हुए कई निर्णय



**मुंडा।** मुंडा के सामाजिक भवन में छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज व चंद्राकार समाज सेवि संस्था लवन राज की वैवाहिक विकास व रोटी बेटी के संबंध में बैठक हुई। चंद्राकार समाज के अध्यक्ष खोरबाहरा चंद्राकर ने समाज के पदाधिकारी का परिचय कराते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। बैठक नरेंद्र वर्मा व संरक्षक महेशवर चंद्राकर की उपस्थिति में हुई। बैठक में रोटी बेटी के लेनदेन तथा विभिन्न सामाजिक रीति रिवाज के संदर्भित चर्चा के साथ ही साथ दोनों फिरका के बीच मधुर संबंध को और अधिक सुदृढ़ बनाने व एक दूसरे को सहयोग करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया। बैठक में नरेंद्र वर्मा, गिरवर वर्मा, लहा राम, नंदराम, हलधर वर्मा, यावत वर्मा, पापू राम वर्मा, धरमलाल, परस वर्मा, देव प्रसाद वर्मा, सुमेर वर्मा, रामअवतार, सरोज, कोमल प्रसाद, ताराचंद वर्मा, चूड़ामणि वर्मा, केशव प्रसाद वर्मा आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने लगाया आरोप, कहा-स्कूल प्रबंधन ट्रांसपोर्टिंग के नाम पर उगाई कर रहा

# स्कूली छात्राओं को निम्न दर्जे की मिल रही साइकिल : इंद्र साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सरस्वती सायकिल योजना में दी जाने वाली सायकिल की क्वालिटी इतने दोयम दर्जे की है कि सायकिल चलाते समय छात्राओं को गिरने का भय सताते रहता है। वहीं अंचल में सायकिल वितरण के नाम पर लूट खसोट मची है,



जिस पर शासन प्रशासन चुप्पी साध रखा है। विधायक इंद्र साव ने इस मामले को विधानसभा में उठाने की जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें लगता है, शासन साइकिल वितरण योजना से अब पल्ले खड़ा कर स्कूल शिक्षा विभाग को सौंप दी है, जहां खुले आम ट्रांसपोर्टिंग के नाम पर बिना कोई रसीद दिए 100-200 रुपए की अवैध वसूली का खेल क्षेत्र में चल रहा है।

विदित हो कि कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाली सभी छात्राओं को सरस्वती सायकिल वितरण योजना के अंतर्गत निःशुल्क सायकिल प्रदान किया जाना है, जिसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की बालिकाओं के साथ-साथ गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली छात्राओं को भी इस योजना में निःशुल्क सायकिल प्रदान करना है। शासन की इस योजना का उद्देश्य है कि बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त करने समीपस्थ हाई स्कूल आने जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। बालिकाओं को स्कूल जाने में सहायता प्रदान करना है, ताकि स्कूल छोड़ने जाने से पालक बच सके और बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा मिले सके।

शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह उठता है। साइकिल वितरण अगर ठेकेदार द्वारा की जा रही है तो प्रत्येक स्कूल तक उसे सायकिल पहुंचाकर देना चाहिए। श्री साव ने कहा कि उनके क्षेत्र में साइकिल की गुणवत्ता भी काफी निम्न दर्जे की है, दोयम दर्जे की साइकिल वितरण की जा रही है। सायकिल प्राप्त करने के बाद जो खुशी छात्राओं को मिलती है उससे कही ज्यादा निराशा उन्हें सायकिल चलाने के दौरान महसूस होती है।

विधायक साव ने कहा साइकिल वितरण के लिए विभिन्न स्कूलों में लगातार समारोह आयोजित किये जा रहे हैं, जिनमें मंच, पंडाल, माइक, नाश्ता इत्यादि पर खर्चे किए जा रहे हैं, जो इसी अवैध वसूली से पूरे किए जा रहे हैं। छात्राओं को साइकिल वितरित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम का पैसा भी, छात्राओं को ही देना पड़ रहा है। इस तरह की व्यवस्था प्रदेश शासन की मंशा को उजागर करती है।





### ट्रांसपोर्टिंग के नाम पर 100 से 200 रुपए की वसूली

विधायक इंद्र साव ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का जमकर लाभ उठाया जा रहा है, जहां एक तरफ गरीबी रेखा से नीचे बच्चों को निः शुल्क साइकिल वितरण किया जाना चाहिए। वहीं सायकिल की ट्रांसपोर्टिंग के नाम पर 100 से 200 रुपए तक सरकारी स्कूलों में अवैध वसूली की जा रही है। छात्राओं से की जा रही इस वसूली की कोई रसीद भी नहीं दी जा रही है। केवल मौखिक तौर पर कहा जा रहा है कि साइकिलों को स्कूल तक लाने का खर्चा देना पड़ेगा। इसके एवज में उनसे अवैध वसूली की जा रही है।

# अंचल में बढ़ी ठंड, गर्म कपड़े का उपयोग बढ़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

अंचल में ठंड ने दस्तक दे दी है। कार्तिक माह की विदाई के साथ ही सर्द हवाओं ने मौसम का रुख बदल दिया है। सुबह और शाम के समय गलियों, चौक-चौराहों एवं सड़कों के किनारे ग्रामीण आग तापते नजर आ रहे हैं। आसमान खुलने से ठंड का असर और तेज हो गया है।

ठंड बढ़ने के साथ ही गर्म कपड़ों स्वेटर, साल, मफलर और दस्तानों की मांग बढ़ गई है। लोग अपने घरों के सामने लकड़ी जलाकर अलाव का सहारा ले रहे हैं। शासन-प्रशासन द्वारा अभी तक सार्वजनिक स्थानों पर अलाव हेतु लकड़ी की व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके चलते ग्रामीण स्वयं ही ठंड से बचाव के उपाय कर रहे हैं।

ठंड बढ़ने से सर्दी, खांसी, जुकाम और सिरदर्द जैसी मौसमी बीमारीयां बढ़ी है।

ठंड का असर खेतों में भी दिखाई दे रहा है। नमी रहने से खेतों में हार्वेस्टर मशीनों का संचालन नहीं हो पा रहा है। धान की कटाई का कार्य धीमी गति से चल रहा है।

# गिरौदपुरी पंचायत में नहीं बिकेगी अवैध शराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

ग्राम पंचायत गिरौदपुरी के पंचायत प्रतिनिधियों ने अवैध रूप से शराबबंदी के लिए चौकी में ज्ञापन सौंपा। सरपंच राजा राम पटेल के निर्देशानुसार एवं उपसरपंच रजनी नोबल डहरिया के मार्गदर्शन एवं ग्राम पंचायत गिरौदपुरी के समस्त पंच ग्राम पंचायत में शराबबंदी का निर्णय और अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को सूचित किया है।

- ग्रामीणों ने लिया निर्णय, चौकी में सौंपा ज्ञापन

ग्रामीणों का कहना है कि हमारा उद्देश्य पंचायत में शराब की बिक्री और सेवन को रोकना है, जिससे समाज में शांति और सुरक्षा बनाए रखी जा सके। हाल ही में कुछ लोग अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे हैं, जो ग्राम पंचायत के निर्णय का उल्लंघन है। इस संबंध में थाने में ज्ञापन दिया है और कार्रवाई की मांग की है। हम सभी पंचायत निवासियों को सूचित करते हैं कि अगर कोई व्यक्ति अवैध शराब की बिक्री में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि वे इस अभियान में हमारे साथ सहयोग करें और अवैध शराब की बिक्री की जानकारी गिरौदपुरी पुलिस चौकी को दें।

# छत्तीसगढ़ी मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का अधिवेशन 21 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज की आवश्यक बैठक कुर्मी छात्रावास नेवरा में हुई। बैठक में 21 दिसंबर को होने वाले राज अधिवेशन को लेकर आवश्यक विचार विमर्श एवं चर्चा कर निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि आगामी राज अधिवेशन तिल्दा नेवरा नगर इकाई में आयोजित किया गया है, जिसके लिए बीएनबी शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल ग्राउंड को अधिवेशन के लिए चयन किया गया है। आगामी 21 दिसंबर को समाज के एक दिवसीय राज अधिवेशन किया गया है, जिसमें समाज के ही लोगों को अतिथि बनाने एवं अतिथियों का भी चयन किया गया। साथ ही कई अन्य निर्णय भी लिया गया है, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान सहित खुला मंच आदि के लिए भी चर्चा कर निर्णय लिया गया। बता दें तिल्दा नेवरा में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज का राज अधिवेशन पहली बार आयोजित होगा। 21 दिसंबर को आयोजित उक्त राज अधिवेशन के लिए आहूत बैठक में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए।

बैठक तिल्दा राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा की अध्यक्षता में आहूत की गई, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, उप राजप्रधान कौशल वर्मा, राज मंत्री दौलत धुरंधर, महिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा, युवा अध्यक्ष दीपक वर्मा, मीडिया प्रभारी दिलीप वर्मा, रोहित वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए। साथ ही केंद्रीय समिति द्वारा अनिवार्य चंदा के मुद्दे को लेकर भी चर्चा की गई, जिसमें अनिवार्य चंदा के नियम के लिए विरोध के स्वर उभर कर सामने आए।

# तुलसी का सामाजिक सदस्यों ने किया स्वागत



**अर्जुनी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निज सहायक तुलसी कौशिक गत दिनों एक दिवसीय प्रवास के दौरान विभिन्न गांवों में पहुंचे। तुलसी कौशिक जहां-जहां गए वहां-वहां धोबी समाज के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने आत्मीयता के साथ स्वागत किया। उनके एक दिवसीय प्रवास में बलौदाबाजार रायपुर एवं अन्य जिले के पदाधिकारी उनके साथ चल रहे थे। उन्होंने समाज की एकता को और अधिक मजबूत करने की जरूरत बतायी। उन्होंने ग्राम नारा में 20 लाख की लागत से बन रहे निर्माणाधीन सामाजिक भवन का निरीक्षण पूर्व सरपंच हेमंत चंद्राकर और वर्तमान सरपंच की उपस्थिति में किया। उसके बाद सिरपुर में समाज के लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की।

### किसान के घर से 76 हजार कैश की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम टुरीझर में एक किसान के घर से नगद रकम की चोरी का मामला सामने आया है। मामले की रिपोर्ट तेंदूकोना थाना में दर्ज कराई गई है। पुलिस को कुंजलाल निवासी ग्राम टुरीझर ने बताया कि वह बिजली फिटिंग व नल लगाने का काम करता हूं। मेरे चाचा आसकुमार पटेल का आवास निर्माण होना था और इस के कारण वे मेरे घर के एक कमरे पर अपना सामान को रखकर दूसरे पारा में रहते थे। उस कमरे की चाबी चाचा आसकुमार के पास ही रहता था। रोज की तरह 8 नवंबर को प्रार्थी अपने काम से बागबाहरा चला गया था। घर में उसकी पत्नी ज्ञानबाई थी, जो खेत चली गयी थी, जहां से करीब 110 बजे वापस आयी, तो उसने देखा कि घर के अंदर से कुछ आवाज आ रही है। जब जाकर देखा कमरे की आलमारी टुटा हुआ था तथा सामान बिखरे हुये थे और उसी समय चोरी करने वाला अज्ञात व्यसक्ति पिछला दरवाजा खोलकर भाग गया। इसकी सूचना ज्ञानबाई ने प्रार्थी को दी। वह तत्काल बागबाहरा से वापस आया और घर को चेक करने पर देखा कि चाचा आसकुमार के रूम का भी ताला टूटा हुआ था एवं उनके सामान की एक पेटी हाल में पड़ा हुआ है। इसके बारे में उसने अपने चाचा आसकुमार को बताया। 6 महीने पहले सोसायटी में धान बिक्री किया था और धान बिक्री से प्राप्त कुल 76000 रुपये नगदी रकम जिला सहकारी केंद्रीय बैंक तेंदूकोना से आहरित किया था।

## छत्तीसगढ़ी लोक गीत, हरेली गीत, राउत नाचा की प्रस्तुति दी

# गरिमा और स्वर्णा ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर में छत्तीसगढ़ी गायिका गरीमा और स्वर्णा दिवाकर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। आयोजन में प्रदेश के ख्याति प्राप्त कलाकार छत्तीसगढ़ी गायिका ग़रीमा दिवाकर स्वर्णा दिवाकर की जोड़ी ने पूरी रातभर समां बांधा। अपनी सुरीली आवाज से दोनों कलाकारों ने दर्शकों को बांधे रखा। छत्तीसगढ़ी लोक गीत, हरेली गीत, राउत नाचा के साथ दोहा की प्रस्तुति दी। विदित हो कि दोनों बहने गरिमा स्वर्णा दिवाकर ने छत्तीसगढ़ी त्यौहारों में होने वाले पारंपरिक गीतों को मधुर आवाज और अपने अंदाज में पेश कर दर्शक एवं श्रोताओं के बीच में अपनी जगह बनाई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय भूषण पाण्डेय थे। अति विशिष्ट अतिथि कलेक्टर डॉ.संजय कन्नौजे थे। इस मौके पर जिला पंचायत सभापति भगवंतीन कुंज राम पटेल, सुशीला साहू, शिव कुमारी साहू, नगर पंचायत भटगांव के अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, नगर के सभी पार्षद सभापति एवं जनपद पंचायत सदस्य सहित नागरिकों की उपस्थिति रही।





